Publication:- Dainik Jagaran

Date: - 22nd September, 2019

Page: - 06

Talk Series by Dr.Santrupt Misra organised by the Bengal Chamber on 20th September, 2019

'मानव संसाधन के भविष्य की चुनौतियों' पर हुई परिचर्चा

बदलाव के दौर से गुजर रहा मानव कार्यबल : डा. संतरुप्त मिश्रा

जागरण संवाददाता, कोलकाता : दी बंगाल चेंबर की ओर से 'मानव संसाधन व भविष्य में इसकी चुनौतियां विषय' पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। आदित्य बिरला समूह के मानव संसाधन प्रमुख डा. संतरुप्त मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समय के साथ मानव कार्यबल बदलाव के दौर से गुजर रहा है। प्रत्येक पीढ़ी की अपनी सोच, मानसिकता व आकांक्षाएं रही हैं।

हमें कर्मचारियों की प्रबंधन नीतियों, कार्य-कौशल, उत्पादकता समेत अन्य विषयों पर समय के इस बदलाव के अनुसार ध्यान देने की जरुरत है। मानव संसाधन विभाग को अपनी प्रबंधन नीति समेत अन्य विषयों पर भी बल देने पर गौर करना चाहिए। ग्राहकों की समस्याओं को हल करने के लिए मानव केंद्रित दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता है। बदलते दौर ने कई चुनौतियां भी पेश की हैं। इंटरनेट ने दुनियाभर में सूचना की जो समरूपता प्रदान की है, उससे जानकारी की पहुंच बेहद सुलभ हो गई है। इस स्थिति ने सलाहकार से जुड़े पेशेवरों के लिए कड़ी चुनौती पेश की है। इससे पूर्व बंगाल चेंबर के अध्यक्ष बीबी गांगुली ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में द बंगाल चेंबर के मार्केटिंग एंड ब्रांड समिति के अध्यक्ष अनूप हून और कोलकाता चैप्टर-एनएचआरडी नेटवर्क के अध्यक्ष अर्णब चक्रवर्ती समेत अन्य उपस्थित रहे।

आदित्य बिरला मानव संसाधन समूह के प्रमुख डा. संतरुप्त मिश्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। ● जागरण

106 d, block-f
new alipore
kolkata 700 053
i n d i a

W +91 33 2445 2766
info@greymatterpr.com
www.greymatterpr.com